# सार-समाचार

## बोहरों का बास चैंपियन

**बाप,** (नि.सं.)। बाप कस्बे स्थित पालीवाल समाज भवन में शुक्रवार धुलंडी के दिन रात को पालीवाल समाज के युवा साथियों का स्नेह मिलन प्रो कबड्डी 2025 का आयोजन हुआ। पालीवाल ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रेम पालीवाल ने बताया कि प्रति वर्ष होली के अगले दिन (धूलंडी) को प्रो कबड्डी का आयोजन बतौर स्नेह मिलन के रूप में पालीवाल समाज भवन में किया जाता है। जिसका उद्देश्य आपसी स्नेह, प्रेम,और सामाजिक एकता बढ़ाना है। रात्रि में होने वाले इस आयोजन में कस्बे के विभिन्न मोहल्ले की कुल 6 टीमें भाग लेती हैं। जिसमें इसमें छतानियो का बास, चौधरियों का बास, बोहरों का बास,धामटो का बास, बीचला बास और मुधो का बास की टीम शामिल है। देर रात तक चले कब्बडी के लीग, सेमी फाइनल और फाइनल मैच का दर्शकों ने खूब आनंद लिया। अपनी टीम के खिलाड़ियों के लिए हूटिंग करते रहे। कस्बे भर के कब्बड्डी प्रेमी देर रात तक रहे। पालीवाल ने बताया कि फाइनल मुक़ाबला बोहरों का बास ने जीता। उप विजेता मुधो का बास की टीम रही। रेफरी की भूमिका मुकेश कुलधर, रमेश धामट और दिनेश सुहाम ने निभाई। स्कोरर के रूप में दुर्गा प्रसाद मुधा ने सहयोग किया। पालीवाल समाज अध्यक्ष प्रेम ने इस आयोजन के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी साथियों का आभार प्रकट किया। पालीवाल ने बताया कि ऐसे सामाजिक आयोजन सबके सहयोग से ही संभव होते है और ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ता है और प्रतिभा निखरती है। इस अवसर पर मोहन लाल हरजाल, गेनचंद बुनिया, मोहन लाल पूनध, मोती धामट, सुरेश मुंधा, कमल किशोर, शंकरलाल पुनध, सुनील कुलधर, गंगाविशन, खुशालचंद, सुशील, विकास सहित कई खेल प्रेमी दर्शक के रूप में उपस्थित रहे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया

**पाली,** (नि.सं.)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को पेंशन भवन में विश्व उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। जिला रसद अधिकारी मनजीत सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा इस वर्ष की थीम "टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव" निर्धारित की गई। जिला स्तरीय यह कार्यक्रम पेंशन भवन सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपभोक्ता विषयक क्लब प्रभारी / स्वयं सेवी संस्था पाली जिले के अधिवक्ता तथा राशन डीलर्स, व्यापार संघ के अध्यक्ष जागरूक तथा पाली जिला जनचेतना समिति के अध्यक्ष डॉ. के. एम. शर्मा तथा नूतन महिला पहल की अध्यक्ष नूतन बाला कपिला सहित अनेकों लोगों ने बड़े उत्साह से भाग लिया जिन्होंने अच्छी गुणवत्ता व आई.एस.ओ. मार्का वाली खाद्य समाठाी खरीदने, पौलिथीन का उपयोग नहीं करने, वैद्यता अवधि की जांच करने वस्तु क्रय करने, घटिया क्वालिटी से संक्रमित हो रहे उपभोक्ताओं को बचने इत्यादि के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस क्रम में प्रवर्तन अधिकारी कमल कुमार पंवार ने ऑनलाईन खरीद करते सावधानियां बरतने एवं डार्क पैटर्न से सतर्क रहने संबंधी जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में जिला रसद कार्यालय के जितेन्द्रसिंह आशिया प्र.अ. संगीता शर्मा, हेमन्त सेन, मोहम्मद मकसूद, पुखराज, इब्राहीम एवं रामसिंह सहित अन्य कार्मिकों ने उत्साह से अपना योगदान दिया। अन्त में सधन्यवाद विश्व उपभोक्ता दिवस का समापन किया गया।

## सीमा प्रहरियों को शुभकामनाएं दी

**बाप,** (नि.सं.)। भारत पाक पश्चिम सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ सीमाजन कल्याण समिति जिला फलोदी की टीम ने होली गुरूवार को रंगोत्सव पर्व होली मनाया। जिला अध्यक्ष अखेराज खत्री ने बताया कि टीम ने भारत पाक पश्चिम सीमा पर तैनात कलाधर, मोहन, आर के टिब्बा चौकी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों के गुलाल लगाकर उनके साथ रंगो का त्यौहार होली मनाया। होली की शुभकामनाएं देते हुए खत्री ने कहा कि रक्षा बंधन, दीपावली व होली पर्व पर समिति के कार्यकर्ता जवानों के बीच पहुंचते हैं, ताकि जवानों का मनोबल बढ़े। बीएसएफ अधिकारी रमेश कुमार ने सीमाजन कल्याण समिति का आभार प्रकट किया तथा कहा कि समय समय पर सिविलियन लोग आपस में भाईचारा प्रकट करने पहुंचते है, हमें बहुत अच्छा लगता हैं। मोहन बीओपीके सीआई रायचंद चौधरी ने कहा कि अलग अलग प्रदेशों के जवान ऐसी टोली को त्योहारों पर अपने बीच पा कर बहुत खुश होते हैं।

## पुलिस ने एक जना गिरफ्तार किया

**धोरीमन्ना,** (नि.सं.)। धोरीमन्ना के निकट सेड़वा पुलिस ने शनिवार को श्रीयादे नगर गंगासरा निवासी एक जने को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार चोरों ने सड़क के किनारे बाबुल के नीचे ग्रामीणों ने एक बेग पड़ा हुआ देखा तो बेग को उठाकर चैन खोलकर देखा। बेग के अंदर नकद रुपये. 3820, रुपये मिले। बैग व रोकड़ रुपया मिलने पर ग्रामीण इकट्ठे हो गये तथा पुलिस को बताया कि किसी द्वारा बैग डाला गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ की। मौका मुआवजा करके बैग में से 3820.रुपये रोकड़ा व बैग और सबसे पहले बैग को देखने के कारण नरेश पुत्र हरजी राम प्रजापत निवास श्रीयादे नगर गंगासरा ने पूछताछ की। शक के आधार पुलिस ने नरेश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तीमणिया 210000, दो लाख दस हजार रुपये पुलिस ने बरामद किए।

## शोकाकुलों को दी सांत्वना

**जालोर** , (नि.सं.)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग ने जालोर, कुम्हारों का वास निवासी नारायणलाल प्रजापत(कर्मचारी राजकीय अस्पताल) ,उनकी पत्नी पोसी देवी उनके पुत्र दुष्यन्त व पुखराज प्रजापत के पुत्र जयदीप के अहमदाबाद से जालोर लौटते समय (सिरोही के किवरली) हुए सड़क हादसे में दुःखद मृत्यु होने पर उनके निवास पर जाकर सांत्वना प्रदान कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। हादसे में घायल दरिया देवी पत्नी पुखराज प्रजापत के शीघ्र स्वास्थ्य होने की प्रार्थना की तथा परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। वही मुख्य सचेतक रविवार को पिजोपुरा निवासी रगाराम गर्ग ( रोजगार सहायक), जालमपुरा निवासी भभूताराम कालवी, नरसाणा निवासी फूला भारती एवं आंवलोज निवासी स्व. भंवर कंवर के असामयिक निधन होने पर शोक सभा में शामिल हुए तथा परिवारजनों को सांत्वना दी। इस दौरान दीप सिंह धनानी, रवि सोलंकी,गणपत सिंह राव,उत्तम गर्ग,रतन सुथार, दिनेश महावर, महेश भट्ट ,राम प्रकाश चौधरी,केवदाराम चौधरी,तुलाराम चौधरी भी साथ रहे।

## जोगेश्वर गर्ग भाण्डवपुर पहुंचे

**जालोर,,** (नि.सं.)। जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक जयपुर से शनिवार को दर्शनार्थ भाण्डवपुर तीर्थ पहुंचे। मूलनायक भगवान् महावीर स्वामीजी गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी, योगिराज श्शांतिविजयजी समाधिमन्दिर, पुण्यसम्राट श्री जयन्तसेनसूरीश्वरजी समाधिमन्दिर में दर्शन पूजन एवं वन्दन किये। विराजित भाण्डवपुर तीर्थोद्धारक आचार्यदेव जयरत्नसूरीश्वर म.सा. के दर्शन वन्दन कर आशीर्वाद लिया। पूज्य गुरुदेव ने तीर्थ विकास में सडक पानी, बिजली की आपूर्ति सुचारु चलने की बात कही। क्षेत्रीय समस्या के बारे में भी मंत्री को बताया आया। मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार ने विश्वास दिलाया कि इन सभी बिन्दुवार मांगों पर शीघ्र सरकार एवं प्रशासन के सहयोग से पूरा किया जावेगा। सायला तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी, दीपसिंह धनाणी, भवानीसिंह बाकरा, रामप्रकाश चौधरी पूर्व प्रधान सायला भी साथ पहुंचे। पेढ़ी की ओर से मंत्री एवं साथ आये अतिथिओं का माला-साफा एवं श्रीफल शाल से बहुमान किया गया।

## श्वान ने छह भेड़ मारी,16 घायल

**बाप,** (नि.सं.)। जेतड़ासर ग्राम पंचायत के राजस्व गांव बोहरानाडा में बीती रात एक बाड़े में घुसे कुत्तों द्वारा किये गए हमले में 6 भेड़ मार दी गई। इसके अलावा 16 भेड़ घायल हुई, जिसमें 6 की हालत खराब है। जानकारी के अनुसार बायदीन पुत्र महेंद्र खां अपने परिवार सहित बोहरा नाडा में रहता है। उसके घर के पास ही पशुबाड़ा बना रखा है। बीती रात करीब 2 बजे उसके पशु बाड़े में शिकारी कुत्ते घुस गए। कुत्तो ने बाड़े में 6 भेड़ो को मार दिया। बायदीन ने बताया कि कुत्तो ने इसके अलावा 16 भेड़ो को भी जगह जगह से काट दिया। इनमें 6 बहुत ही गंभीर हालात में है। सूचना देने पर सरपंच ने भी मौका देखा है।

## चंग की थाप पर थिरके लोगों के कदम

**बाप,** (नि.सं.)। होली का पर्व बाप क्षेत्र में शांति पूर्वक व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिन में भद्रा की वजह से गुरूवार रात साढ़े ग्यारह बजे के बाद शुभवेला में कस्बे के मुख्य बाजार मे होली का दहन हुआ। शुक्रवार सुबह चंग की धाप पर मस्ती से गुलाल उड़ाई। युवाओं की टोलियों ने गांव भर में जमकर होली खेली। दोपहर तक होली खेलने के बाद लोगो ने एक दुसरे के घर जाकर रामा श्यामा किया तथा मिठाई खिलाकर होली की बधाई एवं शुभकामनांए दी।

# ईलोजी की बारात निकली, लोग रंगों की मस्ती में डूबे

**जालोर** , (नि.सं.)। जिले भर में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली पर लोगों ने एक दूसरे के ऊपर रंग गुलाल उंडेल कर होली की शुभकामनाएं दी।

जालोर में होली पर्व को लेकर लोगों में खास उत्साह नजर आया। होली को लेकर बाजारों में दिन भर रंग गुलाल व मिठाई की दुकान पर काफी भीड़ नजर आई। वहीं शाम को शहर के घनश्याम मंदिर माणक चौक से ईलोजी की बारात गाजो बाजो के साथ निकली। इलोजी की बारात में शहर का हर युवा बाराती बना नजर आया। ईलोजी की बारात मानक चौक स्थित आनंद भैरू की पूजा अर्चना के साथ रवाना हुई।

आनंद भैरू की पूजा मुख्य सचेतक व जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गावंडे , जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव ने कर ईलोजी की बारात को रवाना किया। ईलोजी की बारात में शिव तांडव नृत्य ने हर किसी को मोहित कर दिया। डीजे की धुन पर फाल्गुनी गीतों पर युवा बाराती बने नाचते झुमते नजर आये। ईलोजी की बारात शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई भक्त प्रहलाद चौक पहुंची ।वहीं भक्त प्रहलाद चौक में शुभ मुहूर्त में जालोर पटवारी संजय मीणा व रमेश प्रजापत एवं भक्त प्रहलाद समिति के अध्यक्ष अम्बालाल माली ने पूजा अर्चना कर होली का दहन किया। होली दहन देखने के लिए भक्त प्रहलाद चौक में लोगों की काफी भीड़ नजर आई। वहीं लोगों ने होली दहन के दौरान पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। होली दहन के पश्चात इलोजी होलिका दहन स्थल पहुंचे तथा अपने प्रेमिका होलिका को जलने पर विलाप कर बिन ब्याही चले गए। भक्त प्रहलाद चौक में होली दहन देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ उमड़ी।




जालोर में घनश्याम मंदिर माणक चौक से ईलोजी की बारात निकली। फोटो-राष्ट्रदूत

होली दहन स्थल पर पुलिस की चौक चौबंद व्यवस्थाएं नजर आई। वही होली दहन के दूसरे दिन धुलंडी पर लोगों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ेलकर होली की शुभकामनाएं दी। होली की शुभकामनाएं देने का तांता देर शाम तक चला। वही ढूंढोत्सव को लेकर नन्हे बच्चों को घोड़े पर बैठ कर डीजे की धुन के साथ होलिका दहन स्थल पहुंचकर पूजा अर्चना की दिनभर धूम मची रही।

वहीं महिलाओं ने फाल्गुनी गीत गाकर व पुरूषों ने गैर नृत्य कर फाग महोत्सव का आगाज किया।

# प्रवासी माहेश्वरी सम्मेलन ने व्यापार को लाभ पहुंचाया



अखिल भारतीय जैसलमेर प्रवासी माहेश्वरी सम्मेलन 2025 में दूर दराज से लोग पहुंचे। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। अखिल भारतीय जैसलमेर प्रवासी माहेश्वरी सम्मेलन 2025 से स्थानीय व्यापार को काफी बढ़ावा मिला।

देश के कोने कोने से हजारों माहेश्वरी बन्धुओं ने परिवार सहित हवाईजहाज, रेल, बस एवं अपने स्वयं के साधनों से जैसलमेर पहुंच कर धार्मिक स्थल तनोट, भादरिया, रामदेवरा एवं अपनी अपनी कुल देवी के दर्शन कर कई मनोरथ करवाये एवं भेंट चढ़ाई। हजारों प्रवासियों ने अधिवेशन से पूर्व पहुंच कर परिवार सहित सम, खुहड़ी में कैमल सफारी की। लोक कलाकारों के सुन्दर आयोजन देख कर बख्शीस कलाकारों को दी।

आयोजन समिति द्वारा तीन दिन शहर के ज्यादातर होटल बुक करवा कर होटल व्यवसायियों को करोड़ों रूपये का व्यापार दिया। अधिवेशन में तीनों दिवस अल सुबह से रात्रि तक खान पान पर करोड़ों रुपए का व्यापार स्थानीय व्यवसायियों को देकर जीएसटी संग्रह कराया। आयोजन में ग्वालदास गोयदानी, नवल राठी, लीलाधर सारड़ा, मेघराज सारड़ा, परमानन्द राठी, प्रेम बिसानी, जगदीश बिसानी, माणक गोलकिया , अशोक राठी , दीपक भूतड़ा, सत्यनारायण भूतड़ा, प्रमोद मालपनी आदि का सहयोग मिला।

## नौनिहालों को दिया चिरायुता का आशीर्वाद

**पाली,** (नि.सं.)। श्रीमाली समाज की परम्परागत गैर धूलण्डी दिवस शुक्रवार दिनांक 14 मार्च को आयोजित हुई। समाज के प्रतिनिधियों ने इस वर्ष जन्म प्राप्त किए नव संतानों को मुख्य रूप से आसुरी शक्तियों से बचाव एवं निर्विघ्न जीवन की कामना की, सामाजिक संस्कारिता से ओत्रप्रोत करने हेतु समूह में घर-घर जाकर सामाजिक एंव सांस्कृतिक परम्परा को जीवन्त रखते हुए फाग आयोजन किया।

समाजध्यक्ष एडवोकेट पी. एम. जोशी ने बताया कि गत 65 वर्षो से अधिक समय से पाली शहर में चली आ रही परम्परा को बनायें रखते हुए श्रीमाली समाज के 100 से अधिक प्रतिनिधि गैर का रूप लेकर सामूहिक रूप से घर घर जाकर बच्चों को सुरक्षित रखने की देव प्रार्थना की। पौराणिक महत्व के इस अवसर पर श्रीमाली समाज द्वारा वैदिक से भिन्न प्रचलित रूढ़ीगत मंत्रोच्चार से नवजात को अभिमंत्रित किया।

कोषाध्यक्ष राकेश दवे ने बताया अधिकांश फाग गायकों ललित दवे, प्रमोद दवे, नरसिंग, संजय अवस्थी, राजेश त्रिवेदी, जितेन्द्र व्यास,अभिषेक व्यास, राकेश जोशी, हरीश त्रिवेदी,नरेंद्र दवे का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् गैर का प्रारंभ से प्रारम्भ किया।

# होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**सायला,** (नि.सं.)। जूना गालां स्थित विश्वकर्मा मंदिर में शनिवार को भाजपा मंडल सायला के तत्वावधान में होली स्नेह मिलन समारोह का मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, पूर्व विधायक रामलाल मेघवाल एवं जिला महामंत्री पुखराज राजपुरोहित के आतिथ्य में आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारतमाता की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचेतक गर्ग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के 15 महीने के कार्यकाल में जालोर विधानसभा में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यो की जानकारी दी। जिस पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मुख्य सचेतक गर्ग का आभार जताते हुए सायला को विधानसभा क्षेत्र बनाने की मांग की। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने एवं राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन को लाभान्वित करवाने की बात कही। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गर्ग एवं राजपुरोहित का गुलाल से तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा करवाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया एवं होली के गीतों का गायन किया। मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा ने आभार जताया। मंच संचालन मुकुंद दवे ने किया। भवानीसिंह बाकरा, पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, मंडल अध्यक्ष नैनमल लखारा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बलवंतसिंह तूरा, उदयसिंह दादाल, विक्रमसिंह दहिया, उदयसिंह चौहान डूंगरसिंह देवडा, सुरेश राजपुरोहित, मांगीलाल राजपुरोहित, मूलसिंह चम्पावत, राहुल भंडारी, मुल्तानमल आचार्य, राजेन्द्र माहेश्वरी, रूपकिशोर अठावाल, अशोक अठावाल, जोमताराम माली, दीपसिंह पांचलोड, ताराराम चौधरी, खंगारसिंह दहिया, पदमाराम चौधरी, मोटाराम चौधरी, रगाराम देवासी, रेवाराम घांची, जगाराम माली, राणसिंह पुरोहित, रमेश आचार्य, नवाराम सुथार, रूपाराम सुथार, प्रशांत रावल, पारसाराम राणा, भेरगिरी गोस्वामी समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस सुरक्षा में निकली गांव शाही गैर, मुस्लिम समाज ने स्वागत किया

**पाली,** (नि.सं.)। पाली शहर में पिछले साढ़े 300 साल से चली आ रही परंपरागत गांव शाही गैर पुलिस सुरक्षा में धूमधाम से निकली।

शुक्रवार को जोधपुरिया वास की बारि से शाम 4:00 बजे गांव शा ही गैर रवाना हुई, जिसमें सर्व हिंदू समाज के लोग के साथ पुष्करणा समाज के लोग झंडा उठा कर चल रहे थे। करीब 4 घंटे में एक-एक कदम नाप कर रात 8:00 बजे प्यारा चौक जुम्मा मस्जिद के सामने से गैर पास हुई। गैर में सभी समाजों के लोगों के साथ पाली भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण कोठारी, अंबालाल सोलंकी, धनराज करगवाल, भंवर चौधरी, संत सर्जन दास, उगम राज सॉड, भाशा, मंगू सिंह, कैलाश टवानी, सहित कई जने थे। गैर का मुस्लिम समाज के जहिर मकरानी, मुस्तकीम, हकीम भाई महबूब टी, सलीम मिस्कीन ने साफा माला पहना स्वागत किया, इस दौरान एसपी चुन्नीलाल जाट, एडिशनल एसपी, सिटी ग्रामीण सीईओ, शहर कोतवाल के साथ चप्पा चप्पा पर पुलिस जवान तैनाद थे। गैर पास होने के बाद दूसरे दिन श्याम जी की सवारी निकली।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड को पाली में कार्यकर्ताओं के साथ होली खेली। फोटो-राष्ट्रदूत

वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड को पाली में होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में उनके निवास पर प्रदेश व जिले भर से जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता होली की बधाई व शुभकामनाएं देने पहुंचे। दो दिन लगातार शुभकामनाएं देने का सिलसिला चला। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी, पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, पूर्व न्यास अध्यक्ष संजय ओझा, नरेश ओझा, राजेंद्र सिह कोलीवाडा, रामकिशोर साबू, शिवप्रकाश प्रजापत, मानवेंद्र सिंह भाटी, सुरेश पंवार, प्रेमसिह महेचर, राकेश पंवार, पियुश शर्मा सहित कई जने मौजूद रहे।

वहीं पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ धुलंडी का त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ में मनाया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को भी बधाई दी।

# सार-समाचार

## नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग उटी

**सायला,** (नि.सं.)। देताखुर्द व रोहिनवाडा के ग्रामीणों ने शनिवार को बैठक कर सर्वसहमति से दोनों गांवों को मिलाकर नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग को लेकर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि नई पंचायतों के गठन के लिए उपखण्ड प्रशासन द्वारा देताखुर्द को मांडकवाना तथा रोहिनवाडा को पुनावास के साथ सम्मिलित कर नई ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव पंचायतीराज विभाग को भेजा है। जबकि देताखुर्द और रोहिनवाडा एक ही गांव है, भले ही राजस्व गांव अलग हो गया हो। यदि इन्हें तोड़कर अलग किया गया तो ग्रामीणों के साथ अन्याय होगा। करीबन 200 किसान परिवार ऐसे है जिनकी कृषि भूमि दोनों गांवों में आई हुई है। ऐसे में अगर इन्हें तोड़कर अलग अलग पंचायत में सम्मिलित किया गया तो उन किसानों को हर काम के लिए अलग अलग पंचायतों एवं पटवारियों के चक्कर काटने पड़ेंगे। साथ ही रोहिनवाडा में गोचर व चारागाह भूमि बिल्कुल नहीं है, पशुपालकों के पशु आदि चरने के लिए देताखुर्द गांव में ही ले जाना पड़ता है। रोहिनवाड़ा गांव के सभी वर्गों की श्मशान भूमि भी देताखुर्द क्षेत्र में आई हुई है। दोनों गांव पीढ़ियों से एक दूसरे के पूरक है। उन्हें अलग करना ठीक नहीं। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा बनाए गए प्रस्ताव में पुनर्गठन के नियमों की अवहेलना की गई है। क्योंकि राजस्व गांव रोहिनवाडा व पुनावास की राजस्व सीमाएं कही से भी लगी हुई नहीं है तथा मांडकवाना गांव की वर्तमान पंचायत मुख्यालय विशाला से दूरी केवल 400 मीटर ही है, जबकि नवगठित देताखुर्द में सम्मिलित करने पर वहां मुख्यालय से यह दूरी बढ़कर चार किलोमीटर हो जाएगी, जो अव्यावहारिक है तथा विधिसम्मत नहीं है। ऐसे में इन प्रस्तावों को खारिज कर देताखुर्द व रोहिनवाडा को मिलाकर नई पंचायत का गठन किया जाना ही ग्रामीणों के हित में होगा। जिस पर मुख्य सचेतक गर्ग ने सभी ग्रामीणों की मांग को गंभीरतापूर्वक सुनकर इसके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नई पंचायतों के गठन में किसी भी गांव के साथ अन्याय नहीं होगा, सभी के हितों को ध्यान में रखकर कार्य हो इसको लेकर प्रशासन को निर्देशित किया जाएगा। इस दौरान देताकला पूर्व सरपंच अजीतसिंह, नाथूसिंह देता, देवीसिंह दहिया, अर्जुनसिंह दहिया, जोगाराम देवासी, गोपाल देवासी, सुजानाराम देवासी, भवानीसिंह देता, मैसाराम देवासी, ओखाराम माली, मोहन माली, कुम्पाराम मेघवाल, नरपत सुथार, भोमाराम मेघवाल, दीपाराम मेघवाल, सुरेश सुथार, दलाराम राणा सहित ग्रामीण रहे।

## उपभोक्ता सप्ताह का शुभारंभ हुआ

**जालोर,** (नि.सं.)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को विश्व उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में उपभोक्ता सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें इस वर्ष की थीम "टिकाउ जीवन शैली की ओर एक उचित बदलाव" पर प्रवर्तन अधिकारी नमिता नारवाल ने जानकारी दी। उन्होंने दिनांक 15 मार्च से 21 मार्च तक उपभोक्ता जागृति सप्ताह के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में राज्य स्तरीय संगोष्ठी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यू-ट्यूब चैनल द्वारा प्रसारित किया गया। दिनांक 16 मार्च को गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाईन राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसमें कोई भी उपभोक्ता भाग ले सकता है तथा प्रथम 10 विजेताओं को राज्य स्तर से पुरस्कार भी दिया जायेगा। उक्त गूगल फार्म का लिंक उपभोक्ता मामले विभाग की वेबसाईट पर 16 से 20 मार्च तक उपलब्ध रहेगा। दिनांक 17 मार्च को गीता भवन आदर्श नगर जयपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन होगा। दिनांक 18 मार्च को संभागीय मुख्यालयों पर संभाग स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन होगा जिसके अन्तर्गत जोधपुर संभाग के लिये संगोष्ठी का विषय ई-वाणिज्य में बढ़ती चुनौतियां उपभोक्ता संरक्षण रहेगा। 20 मार्च को जिला मुख्यालय पर जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक के रूप में कन्ज्यूमर केयर कैम्प के अन्तर्गत परिषदो की बैठक के साथ उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जायेगी। कार्यक्रम के अन्त में नमिता नारवाल प्रवर्तन अधिकारी ने उपस्थित उपभोक्ताओं का आभार ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर जिला रसद कार्यालय के कार्मिक जोगाराम एवं चोपाराम उपस्थित रहें तथा राशन डीलर करनाराम, जितेंद्र कुमार, श्रवण कुमार एवं मादाराम तथा गैस वितरक उपस्थित रहे।

## समदड़ी-भीलड़ी रेलखंड पर गाड़ियां मांगी

**जालोर,( का.सं. )।** समदड़ी-भीलड़ी रेलखंड पर राजस्थानी प्रवासी संघ ने शनिवार को चेन्नई से बाड़मेर तक नियमित ट्रेन शुरू करने व रेल कनेक्टिविटी को लेकर रेलमंत्री अश्विन कुमार को ज्ञापन दिया। जिस पर रेलमंत्री ने आश्वासन दिया की शीघ्र ही इस खंड पर ट्रेन सेवा शुरू होगी जिससे प्रवासी मारवाड़ियों और आम यात्रियों को लाभ मिलेगा। यह न केवल राजस्थान और दक्षिण भारत के बीच यात्रा को सुगम बनाएगा बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। समदड़ी-भीलड़ी रेलखंड पर ट्रेन सेवा की मांग लंबे समय से चल रही है। यह क्षेत्र राजस्थान के महत्वपूर्ण हिस्सों को जोड़ता है, और विशेष रूप से प्रवासी मारवाड़ी समुदाय के लिए यह एक बड़ी जरूरत रही है। समदड़ी-भीलड़ी खंड पर ट्रेन सेवा बहाल करने से न केवल स्थानीय यात्रियों को राहत मिलेगी, बल्कि चेन्नई और बाड़मेर के बीच सीधी कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। इससे व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बल मिलेगा। यह मांग वर्षों से उठ रही है और अभी तक पूरी नहीं हुई है।

## सायला में होलिका दहन किया

**सायला,** (नि.सं.)। शहर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सायला के पुराना बस स्टैंड पर गुरुवार रात्रि को शुभ मुहर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होलिका दहन किया गया। इसी प्रकार कात्यायनी माता मंदिर, राजाराम नगर गोलियां एवं अम्बेडकर चौक पर भी होलिका दहन किया गया। दूसरे दिन शुक्रवार को धुलन्डी पर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। सवेरे से ही युवाओं एवं बच्चों की टोलियों ने गली मौहल्लों में अपने रिश्तेदारों एवं मित्रों के घर जाकर एक दूसरे पर रंग एवं गुलाल डालकर होली खेली। होलिका दहन स्थल पर नौनिहालों को लाकर फेरे खाने की रस्म अदा की गई। दोपहर के बाद गेरियों ने ढूंढोत्सव वाले घरो में जाकर नोनिहालो को ढूंढकर स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। धुलण्डी पर सायला की प्रसिद्ध सात दिवसीय डबल गेर का आयोजन किया।उदेशो का वास, सांथुआ वास व मेघवालो के वास में गेर नृत्य के लिए दोपहर में गेरियो का पारम्परिक वेशभूषा धोती, साफा व कुर्ते में सजधज कर आने का सिलसिला शुरू हो गया था।

## राधा-श्रीकृष्ण के भजनों पर झूमे श्रोता

**बाप,** (नि.सं.)। बाप कस्बा स्थित पूर्व पुष्पकरण समाज अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित ने अपने प्रतिष्ठान पर रात होली रसिया कार्यक्रम का आयोजन रख। कार्यक्रम में होली के भक्ति भरे मधुर भजनों के साथ उपस्थित लोगो ने फूलो से होली खेली। कार्यक्रम मे महिलाएं भी उपस्थित रही। फलोदी के ख्यातनाम भजन गायक कलाकार पुरुषोतम थानवी ने झीणी झीणी उड़े रहे गुलाल आदि भजनो से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: पुराना चेक पोस्ट, आबू रोड़, जिला सिरोही, राजस्थान 307026, फोन नं.: 8600193949 ई-मेल: vjabu@bankofbaroda.co.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**
**( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम ( द्वितीय ), 2002 के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स अंजुम ब्रदर्स, जरिये प्रोपराईटर श्री अहसान खान पुत्र श्री मोहम्मद अफजल** एवं जमानतदार **श्री मोहम्मद अफजल पुत्र श्री मोहम्मद बक्स एवं श्री इकबाल मोहम्मद पुत्र श्री मोहम्मद अफजल पर मांग सूचना दिनांक 26.11.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 26.11.2024 को बकाया राशि रू. 15,39,446.83 + आज तक अर्जित अप्रयुक्त ब्याज ( रूपये पन्द्रह लाख उनतालीस हजार चार सौ छ्यालिस एवं तिरासी पैसे मात्र )** एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 11, माह मार्च, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 26.11.2024 को बकाया राशि रू. 15,39,446.83 + आज तक अर्जित अप्रयुक्त ब्याज ( रूपये पन्द्रह लाख उनतालीस हजार चार सौ छ्यालिस एवं तिरासी पैसे मात्र )** एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री मोहम्मद अफजल पुत्र श्री मोहम्मद बक्स के नाम आवासीय मकान नं. 200, भूतल जो सनीगाँव, मस्जिद के पास, माउण्ट आबू, जिला सिरोही 307501 पर स्थित है, जिसका भूमि का क्षेत्रफल 980.00 वर्ग फीट एवं बिल्ड अप क्षेत्र 980.00 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: श्री वली मोहम्मद की सम्पत्ति एवं रोड़, पश्चिम: एवी स्कूल खेल मैदान, उत्तर: मस्जिद एवं गार्डन, दक्षिण: एवी हाई स्कूल

**स्थान: आबू रोड़**
**दिनांक: 11.03.2025**

**हस्ता.**
**कल्पेश मोड़**
**प्राधिकृत अधिकारी, आबू रोड़ शाखा**